# मध्यप्रदेश शासन
# तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग
# कौशल विकास संचालनालय म.प्र.
# (मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड, भोपाल)

## शासकीय आईटीआई में सत्र 2024 में ऑनलाईन प्रवेश

मध्यप्रदेश स्थित शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीवीटी/एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर से अथवा ऑनलाईन सहायता केन्द्रों से www.dsd.mp.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश विवरणिका कौशल विकास संचालनालय/मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड की वेबसाइट www.dsd.mp.gov.in पर उपलब्ध है। प्रवेश हेतु समय चक्र निम्नानुसार है:-

| स क्र | की जानी वाली कार्यवाही | निर्धारित तिथियॉ |
|---|---|---|
| 1. | आवेदकों द्वारा आवेदन हेतु प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन। | 01-05-2024 से 20-05-2024 |
| 2. | आवेदकों द्वारा प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार, इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन करना/इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के क्रम में त्रुटि सुधार (च्वाईस लॉक करने से पूर्व तक) | **विभाग द्वारा समय-समय पर पृथक से समय सारणी पोर्टल** www.dsd.mp.gov.in **पर जारी की जायेगी।** |
| 3. | प्रथम चयन सूची डिस्प्ले करना। (प्रवेश पोर्टल द्वारा एसएमएस के माध्यम से आवेदकों को सूचित करना।) | |
| 4. | प्रथम चयन सूची के आवेदकों का प्रवेश | |

नोट: डीजीटी नई दिल्ली एवं विभाग के आदेशानुसार उपरोक्त दी गयी समय सारणी में परिवर्तन किया जा सकता है। अपडेटेड जानकारी www.dsd.mp.gov.in पोर्टल पर देखी जा सकती है।

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रवेश की पद्धति**

1- शासकीय अथवा प्राइवेट आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी द्वारा पोर्टल पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन आवश्यक होगा। बिना रजिस्ट्रेशन के शासकीय अथवा प्राइवेट आईटीआई में प्रवेश नहीं होगा। सत्र अगस्त 2024 में अन्य राज्यों के आवेदकों के लिये भी प्रवेश की व्यवस्था निर्धारित की गई है, इसीलिए मध्यप्रदेश के मूल निवासी के साथ-साथ अन्य राज्य के अभ्यर्थी भी रजिस्ट्रेशन के पात्र होंगे।

2- रजिस्ट्रेशन तथा त्रुटि सुधार एवं इच्छित संस्थाओं में व्यवसायों की प्राथमिकता के क्रम का विकल्प (च्वाईस फिलिंग) तथा च्वाईस फिलिंग में त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल पर व्यवस्था निर्धारित की गई है। इस सत्र में 100 विकल्पों को देने की सुविधा दी जा रही है। आवेदकों को समझाईश दी जाती है कि वे अधिक से अधिक व्यवसायों/संस्थाओं के विकल्प भरें ताकि श्रेणी विशेष के आवेदकों की उपलब्धता न होने पर सीटों को अन्य श्रेणी में परिवर्तित करने की स्थिति में प्रवेश की संभावनायें बनी रहें।

3- पंजीयन के लिये ईमेल आईडी एवं मोबाईल नम्बर पूर्व से निर्धारित करें। इस ईमेल आईडी एवं मोबाईल नंबर पर चयन प्रक्रिया एवं चयन होने उपरांत संपूर्ण प्रशिक्षण अवधि तथा परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारियॉ प्रदान करने के लिये उपयोग किया जायेगा। अत: अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि काउंसलिंग से पूर्व ईमेल आईडी एवं मोबाईल नंबर निर्धारित करें। काउंसलिंग पंजीयन, सत्यापन, प्राथमिकता चयन एवं संस्था में रिपोर्टिंग इत्यादि संबंधी आवश्यक निर्देश उक्त ईमेल आईडी एवं मोबाईल नंबर पर ही भेजे जाएंगे।

4- आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक सभी पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन करवाने वाले उम्मीदवारों को ही सीट आवंटन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन करवाने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

5- अभ्यर्थी पंजीयन हेतु अपने स्वयं के अथवा अन्य किसी इंटरनेट कनेक्शन का उपयोग कर सकते हैं अथवा किसी भी ऑनलाईन सहायता केन्द्रों पर जाकर पोर्टल से पंजीयन की कार्यवाही कर सकते हैं।

6- अभ्यर्थी को ऑनलाईन काउंसलिंग हेतु पोर्टल शुल्क रूपये 65/- देना होगा, जिसमें से रूपये 15/-पंजीयन के समय तथा रूपये 50/- च्वाईस (विकल्प) लॉक (LOCK) करते समय देने होंगे। अभ्यर्थी यदि पंजीयन त्रुटि सुधार करना चाहता है, तो पोर्टल शुल्क राशि रू. 08.50/- देना होगा । इसी प्रकार यदि आवेदक नवीन च्वाईस फिलिंग करना चाहेंगे, तो उन्हें च्वाईस के विकल्प देने के लिए पुनः राशि रू. 50/- देना होंगे।

7- पोर्टल शुल्क ऑनलाईन सहायता केन्द्रों में नगद भुगतान से किया जा सकता है अथवा ऑनलाइन पेमेन्ट द्वारा पोर्टल शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। ऑनलाईन भुगतान हेतु निम्न सुविधाओं का उपयोग कर सकते है:-

1. इंटरनेट बैंकिंग
2. ए.टी.एम. सह डेबिटकार्ड
3. क्रेडिट कार्ड
4. UPI

8- **ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की विधि -**

- म.प्र. के मूल निवासी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन से पूर्व समग्र आईडी एवं आधार कार्ड पर नाम/पिता का नाम/ माता का नाम/ जन्मतिथि की जानकारी 10वीं की अंकसूची अनुसार अद्यतन करवा लें। अधिक जानकारी के लिए www.dsd.mp.gov.in पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध है।
- उम्मीदवार को सर्वप्रथम प्रवेश पोर्टल (**www.dsd.mp.gov.in**) को खोलना होगा। इस वेबसाईट पर प्रवेश मेन्यू में "प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2024" ऑप्शन प्रदर्शित किया गया है।
- आई.टी.आई काउंसलिंग का होम पेज खुलेगा। इस होम पेज पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन हेतु मोबाईल नं. एवं ईमेल पर **OTP** द्वारा कन्फर्मेशन पश्चात उम्मीदवार को रजिस्ट्रेशन नं. एवं पासवर्ड प्रदान किया जायेगा, जो कि कम्प्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जायेगा तथा ईमेल पर भी भेजा जायेगा।
- तत्पश्चात रजिस्ट्रेशन हेतु पेज पर दर्शाई गई अन्य समस्त आवश्यक जानकारियॉ भरना होगी।
- आवेदक को अपनी फोटो, हस्ताक्षर अपलोड करना होगा।
- "Save/Submit" option पर क्लिक करें।
- "Payment for registration" पर क्लिक करें। इसके उपरांत निर्धारित शुल्क का भुगतान करें।
- पंजीयन शुल्क भुगतान कर रसीद Print कर सकते हैं। पंजीयन पूर्ण होने की सूचना कम्प्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित की जायेगी तथा ईमेल पर भी भेजी जायेगी।
- अभ्यर्थी द्वारा पंजीयन की कार्यवाही कर ली गई है, इसकी जानकारी अभ्यर्थी को उनके द्वारा दिये गये मोबाईल नम्बर एवं ईमेल पर एसएमएस के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जायेगी।
- अभ्यर्थी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग, आदि प्रक्रिया हेतु **Tutorial** भी देख सकते है।

9. **इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन करना-**

**9.1** अभ्यर्थी व्यवसायों एवं शासकीय आईटीआई का प्राथमिकता क्रम से चयन कर सकेंगें।

**9.2** अभ्यार्थी को आईटीआई तथा ट्रेड में प्रवेश के लिए 100 विकल्पों को पोर्टल पर अंकित करने की सुविधा उपलब्ध होगी। उदाहरण स्वरूप किसी आवेदक के प्रथम 5 विकल्प निम्नानुसार हो सकते हैं-

- विकल्प-1. शासकीय आईटीआई भोपाल में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड।
- विकल्प-2. शासकीय आईटीआई भोपाल में फिटर ट्रेड।
- विकल्प-3. शासकीय आईटीआई नर्मदापुरम में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड।
- विकल्प-4. शासकीय आईटीआई नर्मदापुरम में फिटर ट्रेड।
- विकल्प-5. शासकीय आईटीआई भोपाल में मशीनिष्ट ट्रेड।

उक्त विकल्पों को भरने के लिए शासकीय आईटीआई का नाम तथा ट्रेड का नाम पॉप-अप मैन्यु से उपलब्ध होगा। अतएव शासकीय आईटीआई एवं व्यवसाय की च्वाईस भरते समय अभ्यर्थी यह सावधानी रखें की वह प्राथमिकता के आधार पर उन्हीं व्यवसायों का चयन करें, जिन व्यवसायों में आवेदक शासकीय आईटीआई में प्रवेश लेने के इच्छुक हों तथा संबंधित व्यवसाय के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखते हों।

**9.3 इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के क्रम में त्रुटि सुधार-**

यदि इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों के प्राथमिकता क्रम के चयन में अंकित की गई जानकारी में कोई त्रुटि हो गई हो, तो इस जानकारी में सुधार च्वाईस लॉक करने के पूर्व तक किया जा सकता है।

10 **चयन सूची डिस्प्ले करना (पोर्टल द्वारा एसएमएस से आवेदकों को सूचित करना)-**

प्रथम चयन सूची को पोर्टल (www.dsd.mp.gov.in) पर प्रदर्शित किया जायेगा। समस्त आवेदक निर्धारित समयचक्र के अनुसार पोर्टल को अवश्य देखें, ताकि उन्हें चयन सूची की जानकारी समय पर प्राप्त हो सके। समस्त आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि वे उनके द्वारा दिये गये मोबाईल नंबर एवं ईमेल पर मैसेज को अवश्य देखें।

**10.1** प्रवेश की कार्यवाही मेरिट अनुसार निर्धारित है। अतएव अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा जो प्राथमिकता के विकल्प दिये हैं यदि उनमें से अभ्यर्थी को प्रथम प्राथमिकता मेरिट के आधार पर प्राप्त होती है तो उसे प्रथम विकल्प आवंटित होगा। यदि प्रथम प्राथमिकता का विकल्प प्राप्त नहीं होता है तो प्राथमिकता के क्रम में जो भी विकल्प मेरिट के अनुसार निर्धारित होगा, आवंटित किया जायेगा। इस प्रकार अभ्यार्थी द्वारा दिये गये विकल्पों में से जो व्यवसाय व शासकीय आईटीआई में उसके अनारक्षित मेरिट के आधार पर निर्धारित होगा, वह उच्चतर विकल्प उसकी मेरिट के आधार पर उपलब्ध होने पर आवंटित होगा।

**10.2** अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को उच्चतर विकल्प निम्नानुसार आवंटन किया जायेगा-

(क) अनारक्षित मेरिट के आधार पर आवंटित होने वाले विकल्प तथा

(ख) उसके आरक्षित प्रवर्ग की मेरिट के आधार पर आवंटित होने वाले विकल्प में से यदि

(क) व (ख) समान हो तो (क) अनुसार सीट आवंटित की जायेगी।

**10.3** अभ्यर्थियों द्वारा भरी गई प्राथमिकता क्रम के आधार पर अनारक्षित मेरिट के अनुसार निर्धारित समय-सारणी के अनुसार सीटों का आवंटन किया जायेगा। आवंटित व्यवसाय/संस्था/पाठ्यक्रम का उल्लेख आवंटन पत्र में रहेगा।

**10.4** सीट आवंटन की जानकारी अभ्यर्थी को उनके द्वारा दिये गये मोबाईल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जायेगी।

**10.5** अभ्यर्थी को शासकीय आईटीआई में प्रवेश लेने हेतु अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र, आवश्यक प्रशिक्षण शुल्क तथा वेबसाईट से प्राप्त आवंटन पत्र का प्रिन्ट आउट संपूर्ण मूल दस्तावेज की छायाप्रति के दो सेट एवं दो फोटोग्राफ लेकर संबंधित आईटीआई में स्वयं उपस्थित होना पड़ेगा:-

- कक्षा 8वीं/10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र जिन व्यवसायों में 8वीं/10वीं अर्हकारी है।
- म.प्र. का मूल निवासी/स्थानीय/वास्तविक निवासी प्रमाण-पत्र।
- स्थाई जाति प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी (आरक्षित प्रवर्ग के अभ्यर्थी के लिये)
- अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी अभ्यर्थियों को वैध आय प्रमाण-पत्र।
- विकलांग अभ्यर्थियों के लिए अधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी जिला चिकित्सा मंडल द्वारा विकलांगता प्रमाण-पत्र (आवेदक द्वारा दर्शाये गये ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए शारीरिक दक्षता का परीक्षण संस्था स्तर पर निर्धारित समिति द्वारा किया जाएगा तथा तदानुसार ही प्रवेश की पात्रता हेतु सत्यापन किया जाएगा)

- अन्य संबंधित प्रमाण पत्र।

**10.6** अभ्यर्थियों को अपने मूल अभिलेखों का सत्यापन कराना होगा। सत्यापन की कार्यवाही संबंधित शासकीय आईटीआई, जहां अभ्यर्थी को सीट आंवटित हुई है, में ही की जायेगी। इस कार्य को करने के लिए एक निश्चित समयावधि निर्धारित की जायेगी, समयावधि की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। अभिलेखों के सत्यापन हेतु अभ्यर्थी को स्वयं संबंधित शासकीय आईटीआई में उपस्थित होना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी अपने अभिलेखों का सत्यापन नहीं कराता है, तो उसका प्रवेश स्वत: ही निरस्त हो जायेगा।

10.7 उम्मीदवार के सभी मूल अभिलेखों के सही पाये जाने एवं सत्यापन होने के उपरांत ही आईटीआई में प्रवेश की कार्यवाही की जायेगी। यदि प्रमाण-पत्रों में किसी प्रकार की त्रुटि या कमी पायी जाती है, तो आईटीआई द्वारा प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

**आवंटित संस्था में अपने मूल दस्तावेज कदापि जमा न करें तथा सत्यापन उपरांत वापिस ले लें। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने दस्तावेज/फोटोकापी न दें। आवंटित संस्था में प्रवेश के समय आवश्यक दस्तावेजों की केवल फोटोप्रति ही जमा करनी है। स्थानांतरण प्रमाण पत्र (T.C.) ओरिजनल जमा करना अनिवार्य होगा।**

11 **अंतिम रूप से प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों की संकलित सूची प्रवेश के समस्त राउंड समाप्त होने के पश्चात प्रदर्शित की जायेगी तथा इसके उपरांत प्रवेश की कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी अर्थात् जो भी स्थान रिक्त रह जायेंगे वह अंततः रिक्त ही रहेंगे।**

12 प्रवेश के उपरांत प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का ऐसा डाटा जो मेरिट सूची को प्रभावित नहीं करता है जैसे प्रशिक्षणार्थी का नाम/माता का नाम/ पिता का नाम /पता आदि को सही प्रकार से सुधार कर पोर्टल पर प्रदर्शित करने के लिये प्राचार्यों को लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड, पोर्टल द्वारा दिया जायेगा। प्राचार्य की यह जवाबदारी होगी कि वे प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के डाटा को पोर्टल पर सुधार करें।

## 13 प्रवेश प्रक्रिया-

13.1 चयनित अभ्यार्थियों का प्रवेश - प्रथम चयन सूची में जिन अभ्यार्थियों का चयन हो जायेगा उनके प्रवेश की कार्यवाही निम्नानुसार होगी-

13.1.1 ऐसा अभ्यर्थी जिसे उसका प्रथम विकल्प आवंटित हुआ है, वह प्रवेश लें। यदि वह प्रवेश नहीं लेता है तो उसका प्रवेश निरस्त हो जाएगा तथा वह आगे की काउंसिलिंग के लिए पात्र नहीं होगा।

13.1.2 ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें उनका प्रथम विकल्प प्राप्त नहीं हुआ है तथा दिये गये अन्य विकल्पों में से किसी विकल्प के अनुसार उन्हें संस्था एवं व्यवसाय आवंटित हुआ है वे प्रवेश के लिए निम्नानुसार कार्यवाही कर सकते हैं -

13.1.3 **आवेदक चाहें तो उन्हें जो विकल्प आवंटित हुआ है उस पर प्रवेश लें तथा अपग्रेडेशन के लिए विकल्प दें** -

- यदि अभ्यर्थी ऐसा सोचता है कि उसे आवंटित विकल्प अनुसार प्रवेश ले लेना चाहिए और अपग्रेडेशन के लिए प्रयास करना चाहिए तो उस स्थिति में उन्हें प्रशिक्षण शुल्क जमा करने के

साथ ही पोर्टल पर अपग्रेडेशन की सहमति व्यक्त करना आवश्यक होगा। अभ्यर्थी के दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र होने की स्थिति में संस्था द्वारा प्रवेश दिया जाएगा तथा पोर्टल पर प्रवेश की यथा स्थिति को प्राचार्य द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। द्वितीय सूची के लिए ऐसे आवेदकों का अपग्रेडेशन का विकल्प मान्य किया जायेगा तथा द्वितीय सूची में यदि अभ्यर्थी को उनके द्वारा भरे गये अपग्रेडेड विकल्प के अनुसार सीट आवंटित हो जाती है तो आवेदक निम्नानुसार कार्यवाही कर सकता है-

- यदि वे इस अपग्रेडेड विकल्प के अनुसार प्रवेश ले लेते हैं तो उनके द्वारा प्रथम सूची के तहत लिया गया प्रवेश स्वत: निरस्त हो जायेगा तथा इस रिक्त सीट की गणना आगामी चयन सूची में सम्मिलित की जायेगी।
- यदि अभ्यार्थी द्वारा अपग्रेडेड विकल्प पर प्रवेश नहीं लिया जाता है तो उनका प्रथम सूची के तहत प्रवेश बरकरार माना जायेगा तथा अपग्रेडेड विकल्प की इस सीट को रिक्त मानते हुये रिक्त सीट की गणना आगामी चयन में सम्मिलित की जायेगी।

13.1.4 आवेदक चाहें तो उन्हें जो विकल्प आवंटित हुआ है उस पर प्रवेश लें तथा अपग्रेडेशन के लिए विकल्प न दें - यदि अभ्यर्थी उसे आवंटित विकल्प से संतुष्ट है तथा वह अपग्रेडेशन के लिए इच्छुक नहीं है तो वे प्रशिक्षण शुल्क जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। अभ्यर्थी के दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र होने की स्थिति में संस्था द्वारा प्रवेश दिया जाएगा तथा पोर्टल पर प्रवेश की यथा स्थिति को प्राचार्य द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। आगामी चयन सूचियों के लिए ऐसे आवेदकों का अपग्रेडेशन का विकल्प मान्य नहीं किया जायेगा।

13.1.5 आवेदक चाहें तो उन्हें जो विकल्प आवंटित हुआ है उस पर प्रवेश न लें- यदि अभ्यर्थी ऐसा सोचता है कि उसे आवंटित विकल्प अनुसार प्रवेश नहीं लेना चाहिए और अपग्रेडेशन के लिए प्रयास करना चाहिए तो उस स्थिति में उन्हें प्रशिक्षण शुल्क जमा नहीं करना है किंतु पोर्टल पर अपग्रेडेशन की सहमति व्यक्त करना आवश्यक होगा। द्वितीय सूची के लिए ऐसे आवेदकों का अपग्रेडेशन का विकल्प मान्य किया जायेगा। यदि अभ्यर्थी को उनके द्वारा भरे गये अपग्रेडेड विकल्प के अनुसार सीट आवंटित हो जाती है तो आवेदक अपग्रेडेड सीट पर प्रवेश ले सकता है किन्तु यदि द्वितीय चयन सूची में भी आवेदक द्वारा प्रवेश नहीं लिया गया तो ऐसे आवेदक प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो जायेंगे।

**13.2 प्रशिक्षण शुल्क जमा करना -**

उक्त प्रवेश की स्थितियों में अभ्यर्थी को प्रशिक्षण शुल्क ऑनलाईन के माध्यम से भुगतान करना आवश्यक होगा। यदि प्रशिक्षण शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता है तो आवेदक की प्रवेश की पात्रता समाप्त हो जायेगी। आवेदकों को प्रवेश के लिए एक निश्चित अवधि निर्धारित की जाएगी, जिसमें अभ्यर्थी को प्रवेश लेना आवश्यक है।

## 14 संस्था स्तर पर प्रवेश-

14.1 **संस्थावार श्रेणीवार रिक्त सीटों की संख्या को पोर्टल पर प्रदर्शित करना-** चयन सूची को जारी करने के उपरांत संस्थावार श्रेणीवार रिक्त सीटों की संख्या को पोर्टल पर प्रदर्शित की जायेगी।

14.2 **राज्य के बाहर के आवेदको का प्रवेश-** महानिदेशालय प्रशिक्षण नई दिल्ली द्वारा शासकीय एवं प्रायवेट आईटीआई में प्रवेश के निर्देश जारी किये गये है। इन निर्देशों के परिपालन में राज्य के

बाहर के आवेदकों को प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन के माध्यम से अवसर दिए जायेंगे तथा ऐसे सभी अभ्यर्थियों की मेरिट सूची ओपन राउंड में जारी की जायेगी।

14.3 **नवीन रजिस्ट्रेशन एवं त्रुटि सुधार-** पूर्व वर्षों में यह देखा गया है कि आवेदक त्रुटिवश अपनी श्रेणी/प्राप्तांक/विशेष श्रेणी/हॉरिजोन्टल केटीगेरी/जन्म तिथि/जिला आदि को गलत दर्शा देते हैं जिसके कारण उनका नाम चयन सूची में आ जाता है, किंतु जब वे प्रवेश के लिए संस्था में उपस्थित होते हैं, तो त्रुटि पता चलने पर उन्हें प्रवेश नहीं मिलता है। ऐसे आवेदक जिन्होंने पूर्व मे अपनी श्रेणी/प्राप्तांक/विशेष श्रेणी/हॉरिजोन्टल केटीगेरी/जन्म तिथि/जिला आदि से संबधित फील्ड्स मे गलत जानकारी भरी हो, वे भी इन त्रुटियों का सुधार कर सकेंगे तथा ऐसे आवेदक रजिस्ट्रेशन के लिए पात्र हो सकेंगे। साथ ही ऐसे आवेदक जो कतिपय कारणों से पूर्व में रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही नहीं कर पाये थे वे भी रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। साथ ही वे उपलब्ध सीटों के लिए संस्था एवं व्यवसाय का विकल्प भर सकेंगे।

14.4 **ओपन राउण्ड -** नवीन रजिस्ट्रेशन तथा पूर्व के रजिस्ट्रेशन को मिलाकर पंचम चयन सूची जारी की जाएगी जिसमें राज्य के बाहर के आवेदक भी सम्मिलित होंगे तथा समस्त सीटों का कंवर्जन किया जायेगा तथा संस्थावार, व्यवसायवार शेष सीटों के लिए प्रतीक्षा सूची सहित मेरिट सूची पोर्टल के माध्यम से जारी की जाएगी।

14.5 **सीएलसी राउण्ड-** निर्धारित तिथि को मेरिट सूची के आवेदकों को संस्था में प्रवेश के लिए उपस्थित होना पडेगा। निर्धारित समय तक उपस्थित आवेदकों का पंजीकरण किया जाएगा तथा इनकी उपस्थिति प्राचार्य द्वारा पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। उपस्थित आवेदकों की चयन सूची पोर्टल के माध्यम से जारी की जाएगी तथा प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

14.6 **पहले आओ पहले पाओ-** सीएलसी राउण्ड के पश्चात भी यदि सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो विभाग द्वारा नियमानुसार संस्था स्तर पर आवेदकों को पहले आओ पहले पाओ पद्धति से प्रवेश दिया जायेगा।

14.7 **आठवीं कक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के लिए प्रवेश प्रक्रिया -**

- प्रवेश के लिये इच्छुक ऐसे आवेदक, जिन्होंने पोर्टल पर वुड वर्क टेक्निशियन (कारपेंटर), ड्रेसमैकिंग, मेसन, स्विंग टेक्नोलॉजी, पेंटर जनरल व्यवसाय में आठवीं कक्षा उत्तीर्ण अंको के आधार पर प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन एवं च्वाईस फिलिंग की हो, के लिए संबंधित शासकीय आईटीआई में आरक्षण के नियम का पालन करते हुए प्रवेश की संपूर्ण प्रक्रिया नियमित प्रवेश प्रक्रिया के समान ही की जायेगी।

15 **प्राइवेट आईटीआई में प्रवेश की प्रणाली-**

15.1 **रजिस्ट्रेशन** -प्रत्येक अभ्यर्थी को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन का फार्म शासकीय/प्रायवेट आईटीआई के लिए सामान होगा।

15.2 **च्वाइस फिलिंग-** समस्त प्राइवेट आईटीआई में संस्थावार, व्यवसायवार प्रवेश की सीटों का विवरण तैयार किया जायेगा जिसके आधार पर आवेदक प्राइवेट आईटीआई में प्रवेश का विकल्प प्रदर्शित कर

सकेगा। प्राइवेट आईटीआई के लिए इच्छुक आवेदकों को भी 100 विकल्प भरने के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

**15.3 रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग के शुल्क की राशि शासकीय एवं निजी आईटीआई में समान रहेगी।**

**15.4 संस्थावार आवेदको की सूचीः-पोर्टल द्वारा आईटीआईवार ट्रेडवार अभ्यार्थियों की सूची जारी की जायेगी।**

15.5 **दस्तावेजों का परीक्षण-** अभ्यर्थी को प्रवेश के पूर्व स्थानीय शासकीय आईटीआई के प्राचार्य से दस्तावेजों का सत्यापन कराना आवश्यक होगा। यदि स्थानीय शासकीय आईटीआई उपलब्ध न हो तो नजदीकी किसी भी शासकीय आईटीआई के प्राचार्य से दस्तावेजों का सत्यापन करा सकेंगे। अभ्यर्थी को जिस भी निजी आईटीआई में प्रवेश लेना है, से संबंधित निजी आईटीआई के लेटरहैड पर यह सत्यापित कराना होगा कि निजी आईटीआई के प्राचार्य ने अभ्यर्थी के समस्त दस्तावेजों की जॉच विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्डों अनुसार कर ली गई है तथा प्राचार्य द्वारा पोर्टल पर यथा वेरीफिकेशन होने की जानकारी प्रविष्टि की जायेगी।

15.6 संबंधित निजी आईटीआई के प्राचार्य द्वारा प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों की प्रविष्टि पोर्टल पर की जायेगी। इसके पश्चात ही अभ्यर्थी का प्रवेश पूर्ण माना जायेगा।

# सत्र अगस्त 2024 के लिये मध्यप्रदेश की आईटीआई में प्रवेश हेतु विवरण

**1. भूमिका-**

आईटीआई में व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि उद्योगों के लिए कुशल प्रशिक्षित व्यक्तियों की पूर्ति की जा सकें तथा आवेदक स्वयं के लघु उद्योग/स्वरोजगार स्थापित कर सकें।

**2. सामान्य जानकारी-**

**2.1** आई.टी.आई. में जो व्यवसाय राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.व्ही.टी.) की मान्यता के हैं, उनमें परीक्षा के उपरांत सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने पर राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। जिन व्यवसायों में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.व्ही.टी) की मान्यता नहीं है, उनमें परीक्षा राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एस.सी.व्ही.टी) के अंतर्गत संचालित की जाती है तथा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने पर राज्य व्यावसायिक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

**2.2** प्रवेश प्रवीणता के आधार पर निर्धारित आरक्षण के अनुसार दिया जायेगा।

**2.3** प्रवेश की कार्यवाही व्यवसायवार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट सूची बनाकर की जायेगी।

**2.4** प्रशिक्षण की अवधि मे प्रतिदिन पांच घण्टे प्रायोगिक एवं ढाई घंटे सैद्धांतिक कक्षाएं लगती हैं। शैक्षणिक स्कूल/कालेजों की तरह इसमें ग्रीष्मकालीन अवकाश अथवा कोई लंबी अवधि के अवकाश नहीं होते हैं।

**2.5** प्रवेश लेने के बाद किसी भी प्रशिक्षणार्थी को किसी अन्य संस्था/महाविद्यालय में प्रवेश लेने की अथवा परीक्षा में नियमित छात्र के रूप में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाती हैं।

**2.6** प्रत्येक विषय में अलग-अलग न्यूनतम उपस्थिति 80 प्रतिशत होना अनिवार्य है। इससे कम उपस्थिति होने पर परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं होगी।

**2.7** लगातार 10 दिवसों तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर संबंधित प्राचार्य द्वारा 03 लिखित चेतावनी जारी की जायेगी तत्पश्चात भी प्रशिक्षणार्थी के उपस्थित न होने पर निलंबन की कार्यवाही की जायेगी।

**2.8** संस्था से निष्कासन एवं परीक्षा में निर्धारित पात्रता न होने पर सम्मिलित होने से रोकने के लिए प्राचार्य एवं उनसे उच्च अधिकारी अधिकृत होंगे ।

**2.9** प्रशिक्षण प्राप्त करते समय यदि प्रशिक्षणार्थी को कोई चोट/हानि पहुँचती है, तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी, जिसके लिये प्रवेश के समय आवेदक को संलग्न प्रपत्र-11 में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**2.10** आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। केन्द्र शासन के अंतर्गत आने वाले अन्य राज्य के शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवकों को उनके स्थानांतरण आदेश के आधार पर उनके पुत्र/पुत्रियों को प्रवेश के लिए आवेदन की पात्रता होगी ।

**3.** **प्रशिक्षण शुल्क-**

शासकीय आईटीआई में प्रशिक्षण शुल्क राशि रू. 5340/- प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रति वर्ष है। समस्त आवेदकों को प्रवेश के समय प्रशिक्षण शुल्क जमा करना अनिवार्य है। प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्रारंभ होने के उपरांत संस्था छोड़ना चाहता है, तो ऐसे प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण शुल्क, कॉशनमनी, परीक्षा फीस, आदि राजसात किया जायेगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण शुल्क संबंधित विभाग की निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पोर्टल के माध्यम से प्रतिपूर्ति हो सकेगी। सामान्य निर्धन वर्ग के आवेदकों की प्रशिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति आईटीआई की अवधि पूर्ण होने पर आईटीआई द्वारा प्रशिक्षण शुल्क आवेदक को वापस किया जायेगा।

**4.** **आयु सीमा-**

सभी व्यवसायों के लिये उम्मीदवारों की आयु 01 अगस्त, 2024 को 14 वर्ष या उससे अधिक होना चाहिये। ड्रोन व्यवसाय हेतु उम्मीदवारों की आयु 01 अगस्त, 2024 को 16 वर्ष या उससे अधिक होना चाहिये।

**5.** **व्यवसायवार शैक्षणिक योग्यता-**

**5.1** विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता तथा प्रशिक्षण की अवधि की जानकारी परिशिष्ट-1 पर है। आवेदक यह भलीभांति जांच लेवें, कि वे संबंधित व्यवसायों के लिए निर्धारित योग्यता धारित करते हैं अथवा नहीं।

**5.2** वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम बेस्ट आफ फाइव के आधार पर तैयार किया जाता है। इसमें कुछ अभ्यर्थी ऐसे होते है, जो गणित/विज्ञान में अनुत्तीर्ण होते हुए भी दसवीं उत्तीर्ण माने जाते है। ऐसे सभी व्यवसाय (आईटीआई ट्रेड) जिनकी शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल परीक्षा गणित/विज्ञान के साथ उत्तीर्ण उल्लेखित है, में प्रवेश के लिये पात्र होंगे।

**5.3** व्यवसाय वुड वर्क टेक्निशियन (कारपेंटर), ड्रेसमैकिंग, मेसन, स्वीईंग टेक्नोलॉजी, पेंटर जनरल में प्रवेश के लिये शैक्षणिक योग्यता आठवीं उत्त्तीर्ण होगी। उक्त व्यवसायों में आठवीं कक्षा से अधिक अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी भी प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

**6.** **संस्थाओं में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश की सीटें-**

आई.टी.आई. के नाम तथा उनमें व्यवसायों के लिए स्थानों का विवरण पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा। एस.सी.व्ही.टी. के तहत व्यवसायों के अंतर्गत दर्शाई गई संस्थाओं के व्यवसायों में प्रवेश तथा परीक्षा की कार्यवाही राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (मध्यप्रदेश व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद्) के अंतर्गत की जायेगी।

**7.** **प्रवेश में आरक्षण-**

**7.1** प्रत्येक व्यवसाय में 50 प्रतिशत स्थान उस जिले के आवेदकों के लिए आरक्षित रहेंगे, जिस जिले में संस्था स्थापित है तथा शेष 50 प्रतिशत स्थान प्रदेश के आवेदकों से भरे जायेंगे। जिले के आरक्षित स्थान रिक्त रहने पर ओपन राउण्ड में प्रदेश के आवेदकों से भरे जा सकेगें।

### 7.2 वर्टीकल आरक्षण

1- अनुसूचित जाति (Scheduled Caste-SC) 16 प्रतिशत
2- अनुसूचित जनजाति (Scheduled Tribe-ST) 20 प्रतिशत
3- पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) (Other Backward Class-OBC) 14 प्रतिशत
(किसी भी प्रकार का संशोधन राज्य शासन के अंतिम निर्णय के अधीन होगा। यदि किसी चलित एलाटमेंट की प्रक्रिया के दौरान आरक्षण संशोधन संबंधित आदेश पारित होता है तो यह अगले एलाटमेंट से लागू होगा।)
4- आर्थिक रूप से कमजोर (सामान्य) (Economic Weaker Section-EWS) 10 प्रतिशत

**7.2.1** आरक्षित श्रेणी के लिये व्यवसाय में प्रवेश हेतु पात्र उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर कन्वर्जन राउण्ड उपरांत रिक्त स्थानों को निम्नानुसार अन्य श्रेणी में परिवर्तन कर भरा जायेगा:-

**7.2.2** अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिये आरक्षित रिक्त स्थान अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों से भरे जायेंगे। इसी प्रकार अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित रिक्त स्थान अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों से भरे जायेंगे। इन दोनों श्रेणियों के उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर इन श्रेणियों के रिक्त स्थानों को अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों से भरा जायेगा। जब इन तीनों श्रेणियों के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होंगे, तब रिक्त स्थान अनारक्षित श्रेणी से भरे जायेंगे।

**7.2.3** ऐसे आरक्षित श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग) के उम्मीदवारों जो स्वयं की योग्यता के आधार पर निर्धारित सामान्य मापदण्ड के अनुसार अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों की योग्यता क्रम सूची में चयनित हो जायेंगे, उनकी गणना अनारक्षित श्रेणी में ही की जायेगी।

### 7.3 होरिजोन्टल आरक्षण -

**7.3.1** **महिलाओं के लिए** - मध्यप्रदेश की महिला नीति के अन्तर्गत पुरूष आई.टी.आई. में 30 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिये निम्न प्रावधान अनुसार आरक्षित किये गये हैं -

1. 30 प्रतिशत आरक्षण वर्टीकल एवं होरिजोन्टल श्रेणी में होगा ।
2. किसी भी वर्टीकल श्रेणी या उसके अंतर्गत होरिजोण्टल वर्ग में महिला उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर उस श्रेणी/वर्ग की पात्रता के पुरूष उम्मीदवार को प्रवेश दिया जायेगा, किन्तु महिलाओं के लिये आरक्षित स्थान अन्य श्रेणी/वर्ग में समायोजित नहीं किये जायेंगे।

**7.3.2** **निःशक्तजन आवेदक**- ऐसे आवेदक जिनकी विकलांगता 40 प्रतिशत से ज्यादा है, के लिये 6 प्रतिशत (अस्थिबाधित, श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित प्रत्येक को 2-2 प्रतिशत) सीटें आरक्षित हैं।

**7.3.2.1** **श्रवण बाधित आवेदकों के लिये-** सत्र अगस्त 2024 में शत् प्रतिशत श्रवण बाधित आवेदकों के लिए निम्न संस्थाओं में सीटों का आरक्षण किया गया है। विवरण निम्नानुसार है:

| स.क्र | संस्था का नाम | व्यवसाय का नाम | कुल सीट |
|---|---|---|---|
| 1 | संभागीय जबलपुर | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 24 |
| 2 | संभागीय उज्जैन | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 12 |
| 3 | संभागीय इंदौर | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 24 |
| 4 | संभागीय भोपाल | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 24 |
| 5 | संभागीय रीवा | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 24 |
| | | **कुल योग** | **108** |

ऐसे आवेदक जो शत्-प्रतिशत श्रवण बाधित की श्रेणी में आते हों, वे उक्त संस्थाओं में दर्शाये गये व्यवसायों के लिये आवेदन कर सकेंगे। जो आवेदक शत-प्रतिशत श्रवण बाधित नहीं है तथा श्रवण यंत्रों का उपयोग कर सुनने की दक्षता रखते हों, वे किसी भी संस्था के लिये आवेदन कर सकते हैं।

यदि इन संस्थाओं में दर्शाए गए व्यवसायों में उपलब्ध स्थानों के विरूद्ध आवेदक उपलब्ध नहीं होते हैं, तो श्रवण बाधित अन्य आवेदक भी प्रवेश के पात्र होंगे। ऐसे आवेदकों का चयन मेरिट के आधार पर होगा। अतएव यह सलाह दी जाती है कि ऐसे आवेदक जो शत प्रतिशत श्रवण बाधित नहीं हैं वे भी इन संस्थाओं के लिए अपना विकल्प दे सकते हैं।

**7.3.2.2 दृष्टि बाधित आवेदकों के लिये-** सत्र अगस्त 2024 में शत् प्रतिशत दृष्टि बाधित आवेदकों के लिये निम्न संस्थाओं में सीटों का आरक्षण किया गया है। विवरण निम्नानुसार है:

| **स.क्र** | **संस्था का नाम** | **व्यवसाय का नाम** | **कुल सीट** |
|---|---|---|---|
| 1 | संभागीय जबलपुर | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 24 |
| 2 | संभागीय उज्जैन | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 12 |
| 3 | संभागीय भोपाल | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 24 |
| 4 | संभागीय रीवा | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 24 |
| 5 | संभागीय ग्वालियर | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 12 |
| | | **योग** | **96** |

ऐसे आवेदक जो शत्-प्रतिशत दृष्टि बाधित की श्रेणी में आते हों, वे उक्त संस्थाओं में दर्शाये गये व्यवसायों के लिये आवेदन कर सकेंगे। जो आवेदक शत्-प्रतिशत दृष्टि बाधित नहीं है, वे किसी भी संस्था के लिये आवेदन कर सकते हैं।

यदि इन संस्थाओं में दर्शाए गए व्यवसायों में उपलब्ध स्थानों के विरूद्ध आवेदक उपलब्ध नहीं होते हैं, तो दृष्टिबाधित अन्य आवेदक भी प्रवेश के पात्र होंगे । ऐसे आवेदकों का चयन मेरिट के आधार पर होगा। अतएव यह सलाह दी जाती है कि ऐसे आवेदक, जो शत प्रतिशत दृष्टि बाधित नहीं हैं, वे भी इन संस्थाओं के लिए अपना विकल्प दे सकते हैं।

**7.3.2.3 अस्थि बाधित आवेदकों के लिये-** अस्थि बाधित आवेदक डीजीटी नई दिल्ली द्वारा निर्धारित व्यवसायों के मापदण्डों (https://www.cstaricalcutta.gov.in/) अनुसार किसी भी संस्था में प्रवेश के लिये आवेदन कर सकते हैं।

**7.3.3** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र/पुत्री/पौत्र/पौत्री/नाती/नातिन -03 प्रतिशत

**7.3.4** सैनिक/भूतपूर्व सैनिक/ उपलब्ध न होने पर सैनिक/ भूतपूर्व सैनिक/ अर्द्ध सैनिक बलों में कार्यरत कर्मियों के पुत्र-पुत्रियों के लिये 3 प्रतिशत (अधिकतम 10 स्थान प्रति संस्था)

**7.3.5** विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों संचालनालय कौशल विकास तथा मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड के अधीन कार्यरत/सेवा में रहते हुए दिवंगत कर्मचारियों के पति/पत्नी तथा पुत्र/पुत्रियों के लिए 05 प्रतिशत।

**7.3.6** शासकीय आईटीआई के प्रवेश में एनसीसी के 'ए 'बी' तथा 'सी' श्रेणी के उत्तीर्ण उम्मीदवार के लिये स्वीकृत प्रवेश क्षमता का 2 प्रतिशत आरक्षण रहेगा।

**7.3.7** जम्मू कश्मीर राज्य के विस्थापित उम्मीदवारों के लिये राज्य में स्थित प्रत्येक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में एक-एक स्थान निर्धारित किया गया है। इसके लिये उम्मीदवार को जम्मू एवं कश्मीर के अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा संस्था में विस्थापितों से प्राप्त आवेदन पत्रों में मैरिट के आधार पर अधिकतम प्राप्तांक के विस्थापित को प्रवेश दिया जायेगा।

**7.3.8** पंजीकृत अनाथालय में पलने वाले अनाथों के लिये प्रत्येक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में एक व्यवसाय में एक उम्मीदवार को (किसी भी संस्था में 3 स्थान से अधिक नहीं) प्रवेश दिया जायेगा। निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण पत्र उप संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग जिला कार्यालय विभाग द्वारा प्रति हस्ताक्षरित होने पर ही मान्य किया जायेगा ।

## 8. ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग में प्रवेश -

**परिचय एवं उद्देश्य-** भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग की योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का उद्देश्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा आईटीआई के समन्वय से गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण संचालित करना है। इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण का क्रियान्वयन आई.टी.आई. एवं संबंधित उद्योगों में किया जायेगा। **एक वर्षीय व्यवसाय में 03 से 06 माह तथा दो वर्षीय व्यवसाय में 06 से 12 माह का प्रशिक्षण औद्योगिक प्रतिष्ठान में संपादित होगा।** इस प्रशिक्षण के मुख्य अंश निम्नानुसार हैं -

1. इस पद्धति के अंतर्गत आईटीआई तथा प्रतिष्ठान आपसी सामंजस्यता से प्रशिक्षण की अवधि को ब्लाक मोड में (आईटीआई में कुछ महीने तथा प्रतिष्ठान में कुछ महीने) या मिश्रित मोड (सप्ताह में कुछ दिवस आईटीआई में तथा शेष दिवस प्रतिष्ठानों) में निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र होंगे ।
2. आईटीआई तथा इण्डस्ट्री के मध्य निर्धारित एमओयू निष्पादित किया जायेगा। यह एमओयू बैचवाइस यूनिट तथा प्रशिक्षणार्थियों की संख्या के अनुसार होगा। एमओयू के क्रियान्वयन की न्यूनतम अवधि 3 वर्ष होगी जो आपसी सामंजस्यता से भविष्य में बढ़ाई जा सकेगी।
3. एमओयू के उपरांत प्रवेश की कार्यवाही की जायेगी।
4. प्रशिक्षण की मॉनिटररिंग आईटीआई तथा संबंधित इण्डस्ट्री/आर्गनाईजेशन की होगी।
5. आईटीआई तथा इण्डस्ट्री पार्टनर्स इंटरनल असेसमेंट करेंगे तथा प्रायोगिक परीक्षा डीजीटी द्वारा आयोजित की जायेगी।
6. प्रशिक्षणार्थी क्राफ्ट्समेन ट्रेनिंग स्कीम के तहत ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के लिए निर्धारित फाइनल परीक्षा में सम्मिलित होंगे।
7. राज्य शासन तथा महानिदेशालय प्रशिक्षण नई दिल्ली के अधिकारी आईटीआई तथा इण्डस्ट्री में आयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण कर सकेंगे।
8. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार की अप्रेन्टिसशिप स्कीम (नेशनल अप्रेन्टिसशिप प्रमोशन स्कीम) से भिन्न है।
9. इण्डस्ट्री/आर्गनाइजेशन, प्रशिक्षणार्थियों को कोई राशि भुगतान करने हेतु बाध्य नहीं है।

10. ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के तहत प्रवेशित प्रशिक्षणार्थी को सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं परीक्षा के उपरांत उत्तीर्ण होने पर राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रमाण-पत्र/ राज्य व्यावसायिक प्रमाण-पत्र प्रदाय किया जायेगा।

**प्रशिक्षणार्थियों को होने वाले लाभ -**

1. उद्योग का परिचय एवं उद्योग के प्रति जागरूकता।
2. उद्योग में सीधे कार्य का अनुभव प्राप्त करना।
3. भविष्य में उद्योग में कार्य करने के अवसर में वृध्दि।
4. रोजगार अवसर में वृध्दि।
5. आई.टी.आई. एवं उद्योग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना।
6. उद्योगो में उपलब्ध नवीनतम एवं अद्यतन तकनीक का अनुभव ।

**डीएसटी के तहत प्रवेश की कार्यवाही केवल तृतीय पाली में की जाएगी।**

सत्र अगस्त 2024 में जिन संस्थाओं में, जिन व्यवसायों में डीएसटी के तहत प्रशिक्षण संचालित किया जायेगा, उसकी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी।

**चयन प्रक्रिया-** ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग में प्रवेश के लिये चयन प्रक्रिया निम्नानुसार होगी-

**आवेदकों की पात्रता का निर्धारण -** निम्न विवरण अनुसार ही आवेदक पात्र होंगे -

**8.1** **आयु सीमा-** आईटीआई में प्रवेश के लिये सभी व्यवसायों के लिये उम्मीदवारों की आयु 01 अगस्त, 2024 को 14 वर्ष या उससे अधिक होना चाहिये। डीएसटी के तहत प्रशिक्षण संचालित करने के लिये उद्योगों से हुए विचार-विमर्श में यह समक्ष में आया है कि सभी उद्योग 18 वर्ष पूर्ण किये हुए युवाओं को ही उद्योग में प्रशिक्षण के लिये मान्य कर रहे हैं। अतएव डीएसटी में प्रवेश के लिये आयु 01 अगस्त, 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक निर्धारित की गई है।

**8.2** **महिला एवं पुरूष आवेदकों की पात्रता का निर्धारण-** डीएसटी के तहत प्रशिक्षण संचालित करने के लिये उद्योगों से हुए विचार-विमर्श में यह समक्ष में आया है कि कुछ उद्योग केवल पुरूष आवेदकों को ही प्रशिक्षण के लिये चयन करना चाहते हैं तथा कुछ उद्योग केवल महिला आवेदक को चयन करना चाहते है एवं कुछ उद्योग पुरूष / महिला आवेदक दोनों को ही प्रशिक्षण के लिये चयन करना चाहते हैं। अतएव डीएसटी में प्रवेश के लिये पोर्टल पर ऐसी संस्था, जिनमें उद्योग पुरूष या महिला आवेदकों का चयन नहीं चाहते हैं, ऐसी संस्थाओं में पुरुष या महिला आवेदकों के लिये संबंधित ट्रेड के चयन का विकल्प प्रदर्शित नहीं किया जायेगा।

**8.3** **शैक्षणिक योग्यता तथा बैच साईज-** प्रशिक्षण की अवधि तथा प्रत्येक बैच में प्रशिक्षणार्थियों की संख्या का निर्धारण परिशिष्ट-1 के अनुसार निर्धारित होगी।

**8.4** **चयन प्रक्रिया -**

**8.4.1** **संस्था एवं ट्रेड का विकल्प-** डीएसटी में प्रवेश के लिये संस्थावार, ट्रेडवार सीटों की संख्या का विवरण पोर्टल पर प्रदर्शित होगा। पोर्टल पर उद्योगों का नाम भी प्रदर्शित किया जायेगा, ताकि समस्त प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी प्राप्त हो सके। प्रवेश के विकल्प 18 वर्ष से अधिक आयु के आवेदकों के लिये प्रदर्शित किये जायेंगे। इस प्रकार पात्र आवेदक सामान्य प्रवेश के साथ-साथ डीएसटी में भी प्रवेश का विकल्प भर सकेंगे।

8.4.2 **मैरिट सूची-** मैरिट सूची निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों पर आधारित होगी। पोर्टल पर मैरिट सूची प्रदर्शित की जायेगी तथा आवेदकों को संस्था में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के लिये सूचित किया जायेगा।

8.4.3 **साक्षात्कार-** औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा साक्षात्कार लिया जायेगा तथा साक्षात्कार के आधार पर चयनित आवेदकों की सूची जिस दिवस साक्षात्कार होगा, उसी दिवस को समय 03:00 बजे चस्पा की जायेगी। यदि साक्षात्कार के लिए प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होते हैं तो मेरिट सूची अनुसार प्रवेश दिया जायेगा।

8.4.4 **प्रवेश-** इस प्रकार आवेदक को यह स्पष्ट हो जायेगा कि उसका चयन डीएसटी के तहत प्रशिक्षण में हुआ है अथवा नहीं। यदि आवेदक का चयन डीएसटी में हुआ है तथा साथ-ही-साथ सामान्य प्रवेश के तहत भी हुआ है, तो आवेदक को किसी एक ही प्रणाली में प्रवेश लेना आवश्यक होगा। आवेदक द्वारा जिस प्रणाली के तहत प्रवेश लिया जायेगा, उस स्थिति में दूसरी प्रणाली के तहत उसका प्रवेश निरस्त हो जायेगा। डीएसटी प्रणाली में अपग्रेडेशन, इंटरनल स्लाईडिंग आदि की सुविधा नहीं होगी।

## 9. पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप मोड के अंतर्गत संचालित शासकीय आईटीआई में इंस्टीट्यूट मैनेजमैंट कमेटी के माध्यम से प्रवेश का विवरण

**9.1** केन्द्र शासन की "पीपीपी मोड में आईटीआई का उन्नयन" के तहत सम्मिलित 74 संस्थाओं में मैनेजमेंट कोटे के तहत संस्थावार व्यवसायवार सीटों की संख्या पोर्टल पर रहेगी।

**9.2** इन सीटो का प्रशिक्षण शुल्क शासन के आदेशानुसार एक वर्ष के लिये रू 15000/- एवं दो वर्ष के लिये रू 20000/- लिया जायेगा। वर्ष 2024 में पीपीपी मोड के अंतर्गत संचालित आईटीआई के ऐसे व्यवसाय, जिनमें पूर्व वर्षो में सीटें रिक्त रही हैं, में सीटीएस व्यवसायों के समान शुल्क लिया जायेगा। ऐसे आईटीआई एवं व्यवसायों की जानकारी dsd.mp.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

**9.3** इन सीटों पर आरक्षण लागू नहीं होगा।

**9.4** समस्त आवेदक जो आईएमसी के कोटे की सीटों में प्रवेश के इच्छुक होंगे उन्हें भी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन निर्धारित तिथि अनुसार ही आवेदन करना आवश्यक होगा। यदि आवेदक गैर आई.एम.सी. की सीटों के लिए भी अपना विकल्प देना चाहेंगे तो इसके लिए उन्हें च्वाईस देना आवश्यक होगा।

**9.5** आईएमसी की सीटों पर प्रवेश के लिये चयन सूची सामान्य चयन सूची के साथ ही जारी की जायेगी।

**9.6** यदि किसी आवेदक का चयन सामान्य सूची में तथा आईएमसी की सीटों की सूची में, दोनों में हो जाता है और यदि आवेदक आईएमसी की सीट पर प्रवेश लेना चाहता है तो उसे निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। यदि आवेदक द्वारा आईएमसी की सीट हेतु निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क जमा नहीं किया जाता है तो आगामी सूचियों के लिए आवेदक की आईएमसी की सीटों के लिए पात्रता मान्य नहीं होगी। यदि आवेदक द्वारा आईएमसी की सीट पर प्रवेश ले लिया जाता है तथा बाद में सामान्य मेरिट सूची में आवेदक को उनकी इच्छा का विकल्प अनुसार चयन हो जाता है तो वे सामान्य सूची अनुसार प्रवेश के लिए पात्र होगा। ऐसे आवेदकों को सामान्य प्रशिक्षण शुल्क (5340/-) जमा नहीं करना पड़ेगा।

**10.** **10 संभागीय आईटीआई में प्रवेश-** मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के आदेश क्रमांक 706/1110/2018/42-2 दिनांक 27 मार्च 2019 द्वारा निम्नानुसार आईटीआई को समायोजित की गई हैं। स्पष्ट किया जाता है कि इन संस्थाओं में सत्र अगस्त 2024 से प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (एनसीव्हीटी)/राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (एससीव्हीटी) की अंकसूची एवं नेशनल ट्रेड सर्टीफिकेट (एनटीसी)/ स्टेट ट्रेड सर्टीफिकेट (एसटीसी) संभागीय आईटीआई के नाम से ही प्राप्त होगा। संस्थाओं का विवरण निम्नानुसार है -

| **स.क्र.** | **संभागीय आईटीआई का नाम** | **सम्मिलित संस्थायें** |
|---|---|---|
| 1. | भोपाल | आदर्श भोपाल, महिला भोपाल, गैस भोपाल |
| 2. | इंदौर | इंदौर, महिला इंदौर, अपंग इंदौर |
| 3. | जबलपुर | आदर्श जबलपुर, महिला जबलपुर |
| 4. | रीवा | रीवा, महिला रीवा |
| 5. | शहडोल | शहडोल |
| 6. | ग्वालियर | ग्वालियर, महिला ग्वालियर |
| 7. | उज्जैन | उज्जैन, महिला उज्जैन |
| 8. | सागर | सागर, महिला सागर |
| 9. | नर्मदापुरम | नर्मदापुरम |
| 10. | भिण्ड | भिण्ड |

**11.** **विशिष्ट संस्थाऐं तथा उनमें आरक्षण -**

| स.क्र. | विवरण | संस्थाओं के नाम | आरक्षण |
|---|---|---|---|
| 1- | अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए - एकलव्य आईटीआई | 1. धार (सह-शिक्षा) ,<br>2. महिला आईटीआई बैतूल (केवल महिलाओं के लिए) ,<br>3. खेड़ी खालवा जिला खण्डवा (सह-शिक्षा) ,<br>4. चकल्दी, जिला सीहोर (सह-शिक्षा) | 1-प्रत्येक आईटीआई में अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिये 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं एवं शेष 50 प्रतिशत सीटें सभी वर्गों के विद्यार्थियों से भरी जाएंगी, जिसमें राज्य शासन के नियमानुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए क्रमश 16, 20 एवं 14 प्रतिशत आरक्षण होगा।<br>2. योजना का लाभ केवल अनुसूचित जनजाति के लिये ही होगा, अन्य वर्ग के लिये नहीं (छात्रवृत्ति तथा भोजन व्यवस्था)<br>3. आरक्षित श्रेणी के लिये व्यवसाय में प्रवेश हेतु पात्र उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर कण्डिका 7.2 के अनुसार। |
| 2- | अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए (आदिम जाति कल्याण विभाग से पूर्व में हस्तांतरित | 1.बैहर, 2. धामनोद, 3. पीथमपुर, 4. महिला आदिवासी आईटीआई छिंदवाड़ा, 5. महिला सिंघाना | 1-प्रत्येक आईटीआई में अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिये 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं एवं शेष 50 प्रतिशत सीटें सभी वर्गों के विद्यार्थियों से भरी जाएंगी, जिसमें राज्य शासन के नियमानुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग |

| स.क्र. | विवरण | संस्थाओं के नाम | आरक्षण |
|---|---|---|---|
| | आईटीआई ) | 6. आईटीआई मंडला | के लिए क्रमश 16, 20 एवं 14 प्रतिशत आरक्षण होगा।<br>2. आरक्षित श्रेणी के लिये व्यवसाय में प्रवेश हेतु पात्र उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर कण्डिका 7.2 के अनुसार। |
| 3- | अनुसूचित जाति वर्ग के लिए) डॉ. अम्बेडकर आईटीआई | 1. मुरैना (केवल पुरूषों के लिए),<br>2. महिला आईटीआई सीहोर, | 1-प्रत्येक आईटीआई में अनुसूचित जाति के आवेदकों के लिये 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं एवं शेष 50 प्रतिशत सीटें सभी वर्गों के विद्यार्थियों से भरी जाएंगी जिसमें राज्य शासन के नियमानुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए क्रमश 16, 20 एवं 14 प्रतिशत आरक्षण होगा।<br>2. योजना का लाभ केवल अनुसूचित जाति के लिये ही होगा अन्य वर्ग के लिये नहीं (छात्रवृत्ति एवं भोजन व्यवस्था)<br>3. आरक्षित श्रेणी के लिये व्यवसाय में प्रवेश हेतु पात्र उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर कण्डिका 7.2 के अनुसार। |
| 4 | केवल डूब से प्रभावित परिवारों, विस्थापितों के बच्चों एवं पाल्यों के लिए | आईटीआई नर्मदानगर, जिला खण्डवा | केवल डूब से प्रभावित परिवारों, विस्थापितों के बच्चों एवं पाल्यों को प्रवेश दिया जायेगा । स्थान रिक्त रहने पर अन्य (बाहरी) पात्र आवेदकों को आरक्षण नियमों का पालन करते हुए प्रवेश दिया जा सकेगा ।<br>1. नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित समस्त परियोजनायें या इंदिरा सागर सरदार सरोवर, ओंकारेश्वर, मानसरोवर एवं जोबट परियोजना से प्रभावित विस्थापितों के बच्चों एवं पाल्यों को नियमानुसार प्रवेश दिया जायेगा।<br>2. सर्व परियोजना के बच्चों एवं पाल्यों को शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण सीमा अनुसार रिक्त स्थानों की पूर्ति की जायेगी।<br>3. नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित उपर्युक्त परियोजना में कार्यरत अधिकारियों /कर्मचारियों के पुत्र/पुत्रियों के लिए 5 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेंगे और इसमें इंदिरा सागर परियोजना एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नर्मदा नगर में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जायेगी। |
| 5- | गैस त्रासदी के पीड़ित एवं उनके | संभागीय आईटीआई भोपाल के लिए सीटों | संभागीय आईटीआई भोपाल में गैस त्रासदी के पीड़ित एवं उनके पुत्र/पुत्रियों के (मध्यप्रदेश शासन गैस त्रासदी |

| स.क्र. | विवरण | संस्थाओं के नाम | आरक्षण |
|---|---|---|---|
| | पुत्र/पुत्रियों को | का निर्धारण किया गया है। | राहत एवं पुनर्वास पत्र क्रमांक एफ-5-53-2002/47 दिनांक 26.8.2004), के लिये आरक्षित सीटें रिक्त रहने पर अन्य आवेदकों से निर्धारित आरक्षण कंडिका क्रमांक 7.2 अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जायेगी। |
| 6- | वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित बालाघाट जिले में | आईटीआई पालडोंगरी जिला बालाघाट | केवल बालाघाट जिले के युवको को ही प्रवेश की पात्रता होगी। स्थान रिक्त रहने पर अन्य आवेदकों से निर्धारित आरक्षण अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जायेगी। |
| 7- | मैनेजमेंट कोटा के तहत सीटे | संस्थावार व्यवसायवार सीटों की संख्या परिशिष्ट-दो पर है। | केन्द्र शासन की “पीपीपी मोड में आईटीआई का उन्नयन के तहत सम्मिलित 74 संस्थाओं में मैनेजमैंट कोटे के तहत संस्थावार व्यवसायवार सीटों की संख्या पोर्टल पर है। इन सीटों पर प्रवेश के लिए प्रशिक्षण शुल्क शासन के आदेश अनुसार एक वर्ष के लिये रू. 15000/- एवं दो वर्ष के लिये रू. 20000/- निर्धारित है। |
| 8- | महिला आईटीआई | महिला छिंदवाडा<br>महिला आदिवासी छिंदवाडा<br>महिला खण्डवा<br>महिला रतलाम<br>महिला बैतूल (एकलव्य)<br>महिला सिंघाना<br>महिला सीहोर (डॉ अंबेडकर) | इन संस्थाओं में केवल महिला आवेदकों को प्रवेश दिया जाएगा। स्थान रिक्त रहने पर आरक्षण अनुसार पुरूष आवेदकों से सीटें भरी जायेंगी। |

**12.** छात्रवृत्ति:- आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति/शिष्यवृत्ति से संबंधित योजनायें निम्नानुसार हैं -

| क्र. | योजना का नाम | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | अनूसूचित जाति एवं जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति | यह योजना अनूसूचित जाति विकास एवं आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित है। |
| 2. | पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति | यह योजना पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा संचालित की जाती है। |
| 3. | दिव्यांग प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति | यह योजना सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण संचालनालय मध्यप्रदेश के द्वारा संचालित की जाती है। |
| 4. | निर्धन वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति | यह योजना मुख्यमंत्री जनकल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन) योजना के तहत सम्मिलित की गई है। |
| 5. | मेरिट छात्रवृत्ति | यह विभागीय योजना है |
| 6. | एकलव्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में | यह विभागीय योजना है |

| | | |
|---|---|---|
| | अनुसूचित जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति | |
| 7. | डॉ. अंबेडकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति | यह विभागीय योजना है |

I. **अनुसूचित जाति के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति** - यह योजना आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास विभाग, म.प्र. द्वारा संचालित है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति के प्रशिक्षणार्थियों को आयुक्त अनुसूचित जाति विकास, म.प्र. द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार संबंधित विभाग द्वारा एन.आई.सी. के पोर्टल MPTAAS के माध्यम से छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

II. **अनुसूचित जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति** - अनुसूचित जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति को मध्यप्रदेश शासन के जनजातिय कार्य विभाग मंत्रालय के द्वारा उनके विभागीय पोर्टल- MPTAAS के माध्यम से प्रवेशित प्रशिक्षण सत्र 2018-19 से प्रारंभ की गई है जिसमें अनुसूचित जनजाति के पात्र प्रशिक्षणार्थियों को इस योजना का लाभ सीधे उनके खाते में पार्टल के माध्यम से किया जाता है।

III. **मुख्य मंत्री जनकल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन) योजना** - विक्रमादित्य निःशुल्क शिक्षा योजना के अन्तर्गत पात्र प्रशिक्षणार्थी जो मध्यप्रदेश के वास्तविक मूल निवासी हैं तथा जिनके माता-पिता/अभिभावक की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रूपये 1,20,000/- से अधिक न हो, से प्रशिक्षण शुल्क  नहीं लिया जाता था जिसकी पूर्ति शासन स्तर पर बजट आवंटन करते हुए की जाती थी। म.प्र. शासन के आदेश क्रमांक एफ-14-2/2008/42(2), भोपाल, दिनांक 09.07.2018 के तहत इस योजना को अतिक्रमित करते हुए म.प्र. के पंजीकृत असंगठित कर्मकारों की सन्तान को निःशुल्क उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विक्रमादित्य निःशुल्क शिक्षा योजना के स्थान पर मुख्य मंत्री जनकल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन) योजना सत्र 2018-19 से लागू की गई।

IV. **पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति-** यह योजना पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, म.प्र. के द्वारा संचालित की जाती है। इसके अंतर्गत प्रदेश की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में पात्र पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक के प्रशिक्षणार्थियों को एन.आई.सी. के द्वारा निर्मित किये गये छात्रवृत्ति पोर्टल MPTAAS के माध्यम से किया जाता है।

V. **दिव्यांग प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति-** यह योजना सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण संचालनालय के द्वारा संचालित है। जिसके अंतर्गत प्रदेश की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेशित दिव्यांगों को समय-समय पर उनके द्वारा निर्धारित दर से छात्रवृत्ति का भुगतान जिला स्तर पर समाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के द्वारा किया जाता है। इस छात्रवृत्ति योजना की गाइडलाईन, पात्रता की शर्तें, राशि एवं अन्य शर्तें संबंधित विभाग की वेबसाइट - www.disabilityaffairs.gov.in एवं www.socialjustice.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

VI. **सामान्य निर्धन वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति** - यह योजना मुख्यमंत्री जनकल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन) योजना में सम्मिलित की गई है।

VII. **मैरिट छात्रवृत्ति** - औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेशित प्रशिक्षणार्थी की संख्या के 4 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थियों को राशि रूपये 125/- प्रति माह से मेरिट छात्रवृत्ति दी जाती है। छात्रवृत्ति का भुगतान संस्था प्रमुख के माध्यम से किया जाता है। यह योजना 2002-03 से लागू है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ वर्ष अगस्त माह से होता है। लगभग चार माह पश्चात संस्था स्तर पर इस छात्रवृत्ति की पात्रता के लिये परीक्षा ली जाती है एवं मेरिट के आधार पर चयन किया जाता है।

VIII. **एकलव्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में अनुसूचित जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों को एवं डॉ० अंबेडकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में अनुसूचित जाति के प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृत्ति-** राज्य शासन के द्वारा वर्ष 2007-08 से अनुसूचित जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों के लिये एकलव्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं धार (सह-शिक्षा) एवं बैतूल में (महिलाओं हेतु) तथा अनसूचित जाति के प्रशिक्षणार्थियों के लिये डॉ अंबेडकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मुरैना (पुरुषों के लिये) एवं सीहोर में (महिलाओं हेतु) प्रारंभ की गई है। वर्ष 2013 में एकलव्य आई.टी.आई के तहत दो नवीन आईटीआई क्रमशः आई.टी.आई. खेड़ी (खालवा) जिला खंडवा तथा चकल्दी (जिला सीहोर) प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत इन संस्थाओं में प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों को राशि रूपये 1000/- प्रति माह की दर से छात्रवृत्ति का भुगतान संस्था प्रमुख के माध्यम से किया जाता है।

**13.** जमानत राशि -

**13.1** प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को भर्ती के समय 250/- (राशि रूपये दो सौ पचास मात्र) जमानत राशि (कॉशनमनी) के रूप में जमा करने होंगे। यह राशि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद ही लौटाई जा सकेगी, परन्तु यदि प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थी जानबूझकर साज-सामान को गुम करता है या टूट फूट करता है तथा उसके लिये जिम्मेदार पाया जाता है अथवा बिना किसी ठोस कारण के प्रशिक्षण बीच में ही छोड़ देता है, तो यह राशि राजसात कर ली जायेगी।

**13.2** गुम हुई या टूट फूट होने वाली सामग्री के मूल्य की पूर्ति यदि इस राशि से नहीं होती है, तो शेष राशि अलग से वसूल की जायेगी ।

**13.3** प्रशिक्षण सत्र की समाप्ति के तीन वर्ष तक यदि यह राशि वापिस नहीं ली जा सकी तो, फिर नियमानुसार यह राजसात की जायेगी एवं राज्य कोषालय में जमा करा दी जायेगी।

**14.** **परिवीक्षा** -

**14.1** प्रशिक्षण अवधि में संस्था प्रमुख द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों का पालन प्रशिक्षणार्थियों को करना होगा।

**14.2** एक माह अवधि तक प्रवेश पूर्ण रूप से अस्थाई होगा एवं जिन प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण के प्रति रूझान नहीं पाया जायेगा, उन्हें एक सूचना के बाद संस्था से मुक्त किया जा सकेगा ।

**15.** **अनुशासन**-

संस्था के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अनुशासन भंग किये जाने या दुराचरण किये जाने पर उनके विरूद्ध प्राचार्य द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकेगी, जोकि (1) निलंबन (2) निष्कासन (3) परीक्षा में सम्मिलित होने से रोकना (4) अन्य वैधानिक कार्यवाही, इत्यादि हो सकती है।

**16.** **निष्कासन-**

**16.1** प्रवेश के समय अथवा इसके पश्चात् भी चाही गयी आवश्यक जानकारी/प्रमाण पत्र इत्यादि प्रस्तुत न करने पर।

**16.2** प्रस्तुत जानकारी/प्रमाण पत्र इत्यादि संस्था द्वारा गलत/भ्रामक पाये जाने पर (आवश्यकतानुसार) प्रकरणों को उचित आगामी कार्यवाही के लिये भेजा जा सकता है ।

**16.3** संस्था के कार्यशाला, छात्रावास, पठन-पाठन में लापरवाही, अनुशासनहीनता या दुराचरण करने पर।

16.4 प्रशिक्षणार्थी की उपस्थिति अथवा प्रगति असंतोषजनक होने पर अथवा अन्य किसी भी कारण से व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु अयोग्य पाये जाने पर ।

